पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजश्री मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली के प्रथम दीक्षांत समारोह में किया उपाधि वितरण

लखनऊ : 10 नवम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजश्री मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली प्रथम दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। आज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होते हुए संस्थान के परास्नातक पाठ्यक्रम के एम0डी0/एम0एस0 के 32 वि ाश्ट डॉक्टर्स को उपाधि वितरण की।

इस अवसर पर उन्होने संस्थान के प्रस्तावित नवीन विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं युक्त 'मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल' का शिलान्यास किया। समारोह का आरम्भ माननीया राज्यपाल जी द्वारा जल भरो कार्यक्रम से किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने संस्थान की ओर से टी0बी0 के मरीजों को पुश्टाहार वितरण भी किया साथ ही उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पठन–पाठन की सामग्री भेंट की।

समारोह को सम्बोधित करते हुए माननीय राज्यपाल जी ने स्नातकोत्तर एमडी/एमएस छात्रों के उनके पहले दीक्षांत समारोह के अवसर पर उनकी उपलब्धियों के लिए बहुत–बहुत बधाई देते हुए आ ाा व्यक्त की कि वे सभी समाज और दे ा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का कु ालतापूर्वक निर्वहन करेंगे। छोटे बच्चों को पुस्तकों के वितरण के सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि बच्चों को ऐसे आयोजनों में आने तथा गौरवान्वित समारोह में उपस्थित होने से ि ाक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

डॉक्टर्स को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन सभी का उद्दे य केवल आर्थिक मजबूती ही नही है बल्कि एक डॉक्टर होने के नाते उनकी जिम्मेदारी सर्वप्रथम समाज के लिए बनती है। उन्होंने उपाधि प्राप्त सभी डॉक्टर्स को अपना आ ाीश प्रदान किया।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी ने बताया कि राजश्री एजूके ानल ट्रस्ट ने स्वास्थ्य संबन्धी आव यकताओं को पूरा करने के लिए सन 2012 में राजश्री अस्पताल की स्थापना की जिससे समस्त बरेली मंडल वासियों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सके। इसी क्रम में माननीय राज्यपाल द्वारा इस अस्पताल के सुपर स्पे ियल्टी विभाग के ि ालान्यास से एम.डी./एम.एस. के मेडिकल के छात्रों को मेडिकल की उच्चतम ि ाक्षा प्राप्त हो सकेगी तथा कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो मेडिसिन के ऑपरे ान व इलाज निर्धन लोगों के लिए निः ुल्क होंगे और 2025 से सरकारी मानक अनुसार एजुके ान की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।

संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रोहन बंसल जी ने राजश्री एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

संस्थान की एकेडमिक एडवाइजर सुश्री तूलिका अग्रवाल जी ने बताया कि राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजश्री ट्रस्ट की ओर से 25 आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आगनबाड़ी किट प्रदान करने तथा 60 कुपोशित बच्चों को पोशण तथा हर प्रकार के इलाज की सुविधा के साथ–साथ 20 दिव्यांग मूक बाधिर बच्चों के लिए रोजगार व निः ुल्क इलाज के साथ गोद लिया गया है। उन्होंने बताया कि राजश्री ट्रस्ट ि ाक्षा के साथ–साथ धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी रहता है।

इस अवसर पर माननीय सांसद संतोश गंगवार जी, क्षेत्रीय विधायक डॉ0 डी0सी0 वर्मा जी, ट्रस्ट के सचिव श्री राके ा कुमार अग्रवाल जी, सी0ओ0ओ0 श्री ऋशभ बंसल जी के साथ–साथ समस्त विभागाध्यक्ष, डॉक्टर्स तथा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

———

डॉ. सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक,
श्री कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361

राजश्री मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट बरेली